# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-1

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

**सोमवार, दिनांक 19 फरवरी, 2007 (माघ 30, 1928)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्देमातरम्" के गायन से प्रारंभ हुई.

### 2. शपथ

निर्वाचन क्षेत्र क्र. 193 पंधाना (अ.जा.) से उप चुनाव में निर्वाचित सदस्य, श्री देवेन्द्र वर्मा ने शपथ ग्रहण की, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर किये और सभा में अपना स्थान ग्रहण किया।

### 3. राज्यपाल का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणा की गई कि अब सदन राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा करेगा.

राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ.

राज्यपाल महोदय, डॉ. बलराम जाखड़ ने अभिभाषण दिया.

राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ प्रस्थान किया.

## 4. महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्रीमती सुधा जैन, सदस्य ने प्रस्ताव किया कि "राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं."

डॉ. ढाल सिंह बिसेन, सदस्य ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनांक 21,22 तथा 23 फरवरी, 2007 तक का समय नियत किया गया और घोषणा की कि कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन दिनांक 19 फरवरी, 2007 को अपराह्न 5.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दिये जा सकते हैं।

## 5. सूचना

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि कल मंगलवार दिनांक 20 फरवरी, 2007 को प्रात: 8.30 बजे विधानसभा परिसर स्थित मैदान में स्वामी रामदेव जी महाराज द्वारा योग के प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया है।

समस्त माननीय सदस्यों तथा पत्रकार बंधुओं से अनुरोध है कि वे इस योग कार्यक्रम में सम्मिलित होकर लाभ उठाने का कष्ट करें।

पूर्वाह्न 11 बजकर 17 मिनिट पर विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 20 फरवरी, 2007 (फाल्गुन 1, 1928) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**